## NEWS इन ब्रीफ

### ईडी ने रेवेन्यू ऑफिसर पर एफआईआर के लिए राज्य सरकार से की अनुशंसा

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड सरकार को पत्र लिखकर रेवेन्यू ऑफिसर भानु प्रताप प्रसाद के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की अनुशंसा की है। भानु प्रताप वही हल्का कर्मचारी है, जिसके घर से जमीन घोटाले में हुई छापेमारी के दौरान हजारों सरकारी दस्तावेज और 17 रजिस्टर और नकदी बरामद हुए थे। चेशायर होम रोड की बेशकीमती भूमि की खरीद-बिक्री और म्यूटेशन में भी भानु प्रताप और बड़गाईं सीओ (अंचल अधिकारी) की भूमिका संदिग्ध है। ईडी ने इस मामले में प्रदीप बागची, बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार किया था। साथ ही रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। सभी आरोपित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में हैं।

### झारखंड में कोरोना के आठ नए मरीज मिले

**रांची।** झारखंड में पिछले 24 घंटे में कोरोना के आठ नए मरीज मिले हैं। पांच मरीज पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर), दो मरीज गिरिडीह और एक मरीज देवघर में मिला है। यह जानकारी स्वास्थ्य विभाग ने आज सुबह दी। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक राज्य में कोरोना के 185 एक्टिव मरीज हैं। 24 घंटे में 31 मरीज स्वस्थ हुए है। 21 जिले में एक भी मरीज नहीं मिला है। राज्य में सबसे ज्यादा मरीज 84 पूर्वी सिंहभूम( जमशेदपुर) में हैं।

### डीएवी कपिलदेव में मेगा चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**रांची।** डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल कडरू रांची में शनिवार को बच्चों और अभिभावकों के लिए निःशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जेनरल फिजिशियन डॉ सुमित, यूरोलॉजिस्ट डॉ कुमार मृगांक, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉक्टर सात्विक सौरभ,नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ विपुल, गायनोलॉजिस्ट डॉ स्वप्निल बाला और दंत चिकित्सक डॉक्टर आस्था सहाय ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन एलएमसी चेयरमैन कपिल देव गिरि ने किया। विद्यालय के प्राचार्य एमके सिन्हा ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि एक पिता को सबसे ज्यादा खुशी तब होती है जब उसकी संतान उल्लेखनीय कार्य करती है और उससे भी ज्यादा बढ़ जाती है। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अभिभावक को संस्कार देना बहुत ही जरूरी है। सी प्रकार एक शिक्षक को भी सबसे ज्यादा प्रसन्नता तब होती है जब उसका शिष्य एक विशिष्ट मुकाम पर पहुंचकर समाज सेवा से जुड़ जाता है।

# केंद्रीय संचार ब्यूरो , रांची के मिनी चित्र-प्रदर्शनी का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री रामकृष्ण मिशन विवेकानंद युनिवर्सिटी परिसर में केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव पर एक मीनी चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद रांची श्री संजय सेठ के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर माननीय सांसद महोदय ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव पर केंद्रीय संचार ब्यूरो की प्रदर्शनी देश के भुले-बिसरे स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का एक सशक्त प्रयास है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव को भूले-बिसरे स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित कर देश की नौजवान पीढ़ी को आजादी के संघर्ष की गाथा से परिचित कराने का एक अभिनव प्रयास किया है। नेहरू युवा केंद्र के कार्यक्रम का संचालन नेहरू युवा केन्द्र के उपनिदेशक एस पी सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान पांच तरह की प्रतियोगिताएं हुईं। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गौरव पाल, द्वितीय स्थान साक्षी कुमारी, तृतीय स्थान मनीष कुमार महतो रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रश्मी कुमारी,द्वितीय स्थान रितिक कुमार,तृतीय स्थान अंजली मिश्रा। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान यश वर्धन, द्वितीय स्थान जिकरा अमरीन,तृतीय स्थान रुपाली बोदरा रहे। लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निर्मला कॉलेज, द्वितीय स्थान डोरंडा कॉलेज, तृतीय स्थान मारवाडी कॉलेज रहे। कविता लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अतुल कुमार, द्वितीय स्थान श्वेता रानी, तृतीय स्थान सुजीता मुंडा रहे।

# अपराधी ने गोली मारकर महिला होमगार्ड कॉन्स्टेबल की हत्या की

**सरायकेला।** जिले के कुचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्याण अस्पताल के सामने अज्ञात अपराधियों ने दुकान चलाने वाली एक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार कुचाई की नम्रता सामड़ (35) जो झारखंड होमगार्ड की कॉन्स्टेबल है। महिला होमगार्ड कॉन्स्टेबल की हत्या को लेकर बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात करीब आठ से साढ़े आठ बजे के बीच वो अपनी दुकान को बंद कर करने के लिये सामान समेट रही थी। इस दौरान अज्ञात अपराधी ने नम्रता के सिर पर पीछे से देसी कट्टा से गोली मार दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से हत्या में इस्तेमाल देसी कट्टा भी बरामद किया है। इस घटना की जानकारी मिलने पर परिजन जख्मी हालत में उसे लेकर कुचाई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही नम्रता सामड़ दम तोड़ चुकी थी। कुचाई थाना प्रभारी विष्णु चरण भोक्ता कुचाई सीएचसी पहुंचकर मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि नम्रता को उसकी दुकान में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा देसी कट्टे से गोली मारी गयी है।

### मुरहू में दो दिवसीय सरना धर्म प्रार्थना सभा की शुरूआत

**खूंटी।** मुरहू के डौगड़ा में सरना धर्म सोतोः समिति के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सरना धर्म प्रार्थना सभा की शुरूआत शनिवार को हुई। सर्वप्रथम धर्मगुरु बगरय मुंडा, धर्मगुरु भैयाराम ओड़ेया, धर्मगुरु बुधराम सिंह मुंडा व बिरसा कंडीर की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिंगबोंगा की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की। मौके पर पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अथिति के रूप में उपस्थित सुगुन दास मुंडा ने कहा कि सरना विश्व का सबसे पुराना धर्म है, जो पूर्णतः वैज्ञानिकता पर आधारित है। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकजुटता के बिना समृद्ध समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। अतः समाज से छुआछूत व ऊंच-नीच जैसी बुराइयों को समाप्त करने की जरूरत है। सबको समाज में समान अधिकार मिलना चाहिए, ताकि समाज में प्रेम व भाईचारा सदा कायम रहे।

## ड्रग्स पैडलर्स के शिकंजे से बच्चों को बचाने की पहल

# स्कूल-कॉलेज के बाहर रहेगा पुलिस का पहरा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी का युवा वर्ग बड़े ही आसानी के साथ नशे की गिरफ्त में आ रहा हैं। स्कूल कॉलेज के बाहर ड्रग्स पैडलर्स की बढ़ती सक्रियता स्कूली और कॉलेज छात्रों को ड्रग्स के आगोश में धकेल रहे है ऐसे में अब रांची पुलिस ने स्कूल - कॉलेज प्रशासन के सहयोग से ड्रग्स के फैलाव को रोकने का काम करेगी। इसके लिए पुलिस ने प्रयास भी शुरू कर दिया है। रांची के जिन इलाको में ड्रग्स पैडलर्स की सक्रियता ज्यादा है उन इलाकों में स्थित स्कूल कॉलेज के मैनेजमेंट के साथ शनिवार को रांची सिटी एसपी ने महत्पूर्ण बैठक की ,ताकि उनके सहयोग से छात्रों को नशे की गिरफ्त में जाने से बचाया जा सके। ड्रग्स को पहचाने पर तुरन्त सूचना दें : सिटी एसपी कार्यालय में हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में राजधानी के कई नामी स्कूल कॉलेज के प्रिंसिपल और मैनेजमेंट के प्रतिनिधि शामिल हुए। रांची के सिटी एसपी सुधांशु जैन बैठक के दौरान स्कूल प्रशासन से अपील की है कि वे ड्रग्स को पहचाने , अगर स्कूल कैंपस कैंपस के बाहर कहीं भी कुछ ड्रग्स को लेकर संदिग्ध वस्तु नजर आता है तो तो तुरंत पुलिस को सूचना दें यहां तक कि अगर सिगरेट, तंबाकू भी बिक रहा है तो उसके बारे में भी पुलिस को जानकारी दें। स्कूल कॉलेज से आए प्रतिनिधियों ने पुलिस को यहां बताया कि स्कूल के बाहर का वातावरण हाल के दिनों में बेहद खराब हुआ है जगह-जगह पर पान गुमटी खुल गए है जो बच्चे को गलत माहौल में ले जाने का काम कर रहे हैं। प्रभावित थाना क्षेत्र के डीएसपी और थानेदार भी हुए शामिल : सिटी एसपी के द्वारा बुलाए गए बैठक में एक तरफ जहां स्कूल कॉलेज के प्रतिनिधि भी शामिल हुए वहीं दूसरी तरफ ड्रग्स प्रभावित थानों के थानेदार और डीएसपी भी शामिल हुए। इस दौरान सभी स्कूल और कॉलेज से आए प्रतिनिधियों को क्या भरोसा दिलाया गया कि अगर वे सही समय पर वृक्ष को लेकर किसी भी तरह की सूचना देते हैं तो पुलिस तुरंत उस पर कार्रवाई करेगी इसके लिए नंबरों का आदान-प्रदान भी किया गया है। सिटी एसपी ने प्रशासन पर भरोसा दिलाया है कि सूचना के आधार पर सभी स्कूल कॉलेज के बाहर सादे लिबास में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा ताकि ड्रग्स पैडलर्स को गिरफ्तार भी किया जा सके।



**क्यों पड़ी जरूरत मीटिंग की :** दो दिन पहले राजधानी रांची में ड्रग्स के ओवरडोज के कारण एक कॉलेज के छात्र की मौत हो गई थी। सिटी एसपी के जांच में यह बात सामने आई कि स्कूल कॉलेज के बाहर बड़े पैमाने पर नशे के समान बेचे जा रहे हैं और बच्चे उनका सेवन भी कर रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी एसपी ने आनन-फानन में इस बैठक को बुलाया । ड्रग्स प्रभावित इलाकों के सभी थानेदारों को यह निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नशे के कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें अन्यथा उन पर ही कार्रवाई की जाएगी।

### धारदार हथियार से पत्नी ने पति की हत्या कर थाने में किया सरेंडर

**पश्चिमी सिंहभूम ।** चक्रधरपुर प्रखंड के टोकलो थाना स्थित हतनाबेड़ा गांव में धारदार हथियार से मारकर एक पत्नी ने पति की हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार आपसी विवाद में पत्नी सीमा होनहागा ने धारदार हथियार से पति बुधराम सामड की हत्या कर दी। घटना शुक्रवार देर रात की है। बताया गया कि हतनाबेड़ा गांव में बुधराम सामड का कुछ साल पहले सीमा होनहागा के साथ विवाह हुआ था। विवाह के बाद से दोनों में विवाद होने लगा था। रात भी कुछ मामले को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पत्नी ने धारदार हथियार से पति के सिर और गर्दन में वार कर हत्या कर दी। इसके बाद शनिवार की सुबह पत्नी ने टोकलो थाना पहुंचकर सरेंडर कर दिया। टोकलो थाना प्रभारी विल्सन गुड़िया ने बताया कि पत्नी ने आपसी विवाद में पति की हत्या कर दी। पत्नी ने सरेंडर कर दिया है।

# हृदय रोगियों के लिए रिम्स में निःशुल्क कैंप 13 और 14 मई को




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित राज्यभर के कार्डधारी जो हृदय रोग से ग्रसित हैं, उनके लिए अच्छी खबर है। झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग और प्रशांति मेडिकल सर्विसेज एंड रीसर्च फाउंडेशन की ओर से दो दिवसीय निःशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। निःशुल्क हृदय चिकित्सा योजना के तहत कैंप 13 और 14 मई को रिम्स में लगेगा। हृदय रोग से ग्रसित बच्चे, वयस्क और बुजुर्ग इस कैंप का लाभ ले सकते हैं। क प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ बीरेंद्र प्रसाद सिंह ने सभी सिविल सर्जन को पत्र जारी कर हृदय रोग से ग्रसित मरीजों की सूची विहित प्रपत्र में भेजने का निर्देश दिया है। सभी जिला मुख्यालय से चिकित्सा पदाधिकारी की देखरेख में मरीजों को स्क्रीनिंग के लिए रिम्स लाया जाएगा। वापस जिला मुख्यालय तक पहुंचाया जाएगा। मरीजों के लिए यात्रा के क्रम में अल्पाहार की भी व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग की ओर से की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित राज्यभर के कार्डधारी हृदय रोग के मरीज अपने नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर स्क्रिनिंग के लिए अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। रिम्स में गहन स्क्रीनिंग के बाद गंभीर मरीजों का इलाज और सर्जरी प्रशांति मेडिकल सर्विसेज एंड रीसर्च फाउंडेशन की ओर से राजकोट और अहमदाबाद में संचालित सत्य साईं हृदय अस्पताल में किया जाएगा।

### कैंब्रियन स्कूल में रवींद्र स्मृति कार्यक्रम का आयोजन

**रांची।** रांची के कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में रवींद्र स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक विशेष प्रातःकालीन सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अंजलि सिद्धी और शुभांगी पटेल की ओर से गुरुदेव टैगोर की कविताओं के पाठ से हुई। जूनियर सेक्शन के विद्यार्थियों ने बांग्ला गीत " एकला चलो" की मनमोहक प्रस्तुति दी। बच्चों ने नृत्य के माध्यम से गुरुदेव को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दिया।सीनियर सेक्शन के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय में कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में शैलजा शाहदेव को प्रथम, हंसिका सिंह को द्वितीय एवं तनिष्का सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मौके पर प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने कहा कि गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर एक कवि, गीतकार, संगीतकार सहित बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। उनकी कविताओं में प्रकृति, संस्कृति, देशप्रेम और जीवन के विविध आयामों का सार समाहित है। साथ ही उन्होंने कहा कि जो कुछ हमारा है। वह हम तक तभी पहुंचता है।

# मथुरा महतो ने पीएम प्रसाद को कोल इंडिया चेयरमैन बनने पर बधाई दी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

टुंडी विधायक सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने आज कोल इंडिया के नव नियुक्त चेयरमैन पीएम प्रसाद से मिलकर उन्हें बधाई दी. तत्पश्चात उन्होंने कोल इंडिया खास कर सीसीएल, बीसीसीएल और इसीएल का वह क्षेत्र जो झारखंड का हिस्सा है, उसके वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। कोयला खनन क्षेत्र के विस्तार और रैयत विस्थापितों की समस्या एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को लेकर उन्होंने कई सुझाव दिए और उनका ध्यान आकृष्ट कराया।सीएसआर मद की राशि को शिक्षा और ग्रामीण इलाकों के विकास पर खर्च करने को उन्होंने प्राथमिकता के साथ कार्य करने की बात कही ताकि कोयला क्षेत्र से प्रभावित गांव और ग्रामीण का स्थायी विकास हो सके।बाद में सीएमडी की पत्नी विमला प्रसाद के साथ भी विधायक ने कृषि क्षेत्र की संभावनाओं पर चर्चा की और साग सब्जी के नैसर्गिक उत्पादन मामले पर बातचीत किया. विमला प्रसाद स्वयं साग सब्जी के नैसर्गिक उत्पादन मामले पर अपनी रुचि से अवगत करायी। मथुरा प्रसाद महतो के साथ पीएम प्रसाद से सीसीएल संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य कमलेश कुमार सिंह ने भी मुलाकात की। मौके पर सुनील कुमार व राजेश महतो मौजूद थे।

## हौसला | 62वां वार्षिक दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

# चार छात्रों को गोल्ड मेडल से किया गया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस), रांची, देश के प्रमुख बी-स्कूलों में से एक, ने शनिवार को संस्थान परिसर में अपना 62वां वार्षिक दीक्षांत समारोह मनाया। चार कार्यक्रमों में 253 छात्र, जिनमें ह्यूमन रिसोर्समैनेजमेंट के 69 छात्र, रूरलमैनेजमेंट के 65 छात्र, फाइनेंशियल मैनेजमेंट के 59 छात्र और मार्केटिंगमैनेजमेंट के 60 छात्र समारोह के दौरान स्नातक हुए। सभी कार्यक्रमों के 22 छात्रों को शीर्ष रैंक धारक घोषित किया गया और उनमें 11 स्वर्ण, 07 रजत और 04 कांस्य पदक वितरित किए गए। इसके साथ ही 5 छात्रों के बीच 1,67,000 रुपये के नकद पुरस्कार का वितरण भी किया गया। इस बीच, 24 छात्रों को 7.2 लाख रुपये की संस्थागत छात्रवृत्ति से भी सम्मानित किया गया, जिनमें फादर माइकल वैनडेन बोगार्ट एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप एससी/एसटी वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए, फादरमाइकल अल्बर्ट विंडी एसज ेमेमोरियल स्कॉलरशिप मेधावी छात्रों के लिए और फादर लुइस फ्रेंकेन एसज ेमेमोरियल स्कॉलरशिप सभी श्रेणियों के छात्रों के समग्र प्रदर्शन के लिए शामिल है। मुख्य अतिथि मनीष शर्मा, चेयरमैन, पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस, भारत और दक्षिण एशिया ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। स्नातक हो रहे छात्रों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा, उत्साह और कुछ अलग करने की इच्छा के साथ दुनिया में कदम रखने और के लिए बैच2023 को बधाई। एक्सआईएसएस वास्तव में आप छात्रों को प्रोफेशनल्सविद अ डिफरेंसबनाता है। जीवन के 3सीः क्षमता, निरंतर सीखना और महत्वाकांक्षा के साथ चरित्रऔर विनम्रता कुछ ऐसी चीजें हैं जो आपको अपना भविष्य बनाने में मदद करेंगी। मेरा मानना है कि अब यह हमारे देश का समय है और मुझे यकीन है कि अगर आप अपने चारों ओर देखेंगे, तो आप पाएंगे कि आपके आसपास तेजी से बदलाव हो रहे हैं, इसलिए यह बदलाव लाने और विश्वसनीयता के साथ जीवन जीने के लिए सुनिश्चित करने का सही अवसर है। इससे पहले, संस्थान की गवर्निंगबॉडी के अध्यक्ष फादर अजीत कुमार खेसएसजेने 62वें दीक्षांत समारोह के उद्घाटन की घोषणा की और रिचीनॉर्टनकी बात रखते हुए कहा, 'हर सूर्यास्त रीसेट करने का एक अवसर है। हर सूर्योदय की शुरूआत नई आंखों से होती है। आपकी उपलब्धियों के लिए बधाई। यह शाम केवल आपकी सफलता का जश्न मनाने के बारे में नहीं है, बल्कि इसे हासिल करने के लिए आपने जो कदम उठाए हैं और जो यात्रा की है, वह सब मेहनत अब रंग लाई है। मैं आपको प्रोत्साहित करता हूं कि आप अपनी रुचि को जारी रखें, नई चुनौती को स्वीकार करें, जोखिम लें। हमेशा याद रखें, जीवन संयोग से नहीं बल्कि बदलाव से बेहतर होता है। हम समाज में फर्क लाने के लिए आप पर भरोसा कर रहे हैं और मुझे यकीन है कि आने वाले दिनों में आप सभी ऐसा करेंगे और एक्सआईएसएस की विरासत को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने अपनी बातें समाप्त करते हुए कहीं।

### मुरहू में दो दिवसीय सरना धर्म प्रार्थना सभा की शुरूआत

**खूंटी।** मुरहू के डौगड़ा में सरना धर्म सोतोः समिति के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सरना धर्म प्रार्थना सभा की शुरूआत शनिवार को हुई। सर्वप्रथम धर्मगुरु बगरय मुंडा, धर्मगुरु भैयाराम ओड़ेया, धर्मगुरु बुधराम सिंह मुंडा व बिरसा कंडीर की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिंगबोंगा की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की। मौके पर पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अथिति के रूप में उपस्थित सुगुन दास मुंडा ने कहा कि सरना विश्व का सबसे पुराना धर्म है, जो पूर्णतः वैज्ञानिकता पर आधारित है। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकजुटता के बिना समृद्ध समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। अतः समाज से छुआछूत व ऊंच-नीच जैसी बुराइयों को समाप्त करने की जरूरत है। सबको समाज में समान अधिकार मिलना चाहिए, ताकि समाज में प्रेम व भाईचारा सदा कायम रहे। सरना के धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों को अक्षुण्ण बनाएं रखना हम सबका कर्तव्य है।

## कोयला क्षेत्र की समस्याओं को लेकर की चर्चा

# पीएम प्रसाद से मिले, दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गिरिडीह के सांसद चौधरी ने शनिवार को कोल इंडिया के नवनियुक्त चेयरमैन पीएम प्रसाद से मुलाकात की और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। गिरिडीह सांसद ने कोल इंडिया के चेयरमैन से कोयला क्षेत्र के विकास पर चर्चा की। गिरिडीह सांसद ने उनसे झारखंड के कोयला क्षेत्र को लेकर विशेष रुप से ध्यान देने और समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर रहने की अपेक्षा जताई।गिरिडीह सांसद ने यह आशा जताया के कोल इंडिया चेयरमैन के रूप में पीएम प्रसाद झारखंड के कोयला क्षेत्र के विस्थापन, विस्तार, रैयतों व संबंधित समस्याओं के निराकरण की दिशा में सकारात्मक रूप से सजग रहकर काम करेंगे। इस क्रम में उन्होंने मिलने आए गिरिडीह सांसद को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि झारखंड की बेहतरी को लेकर उनका समुचित और गंभीर प्रयास बना रहेगा। मालूम हो कि पीएम प्रसाद मौजूदा समय में सेंट्रल कोल्डफील्ड लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ( सीसीएल सीएमडी) हैं, जिन्हें भारत सरकार ने कोल इंडिया का चेयरमैन बनाया है।

# सीएम के कार्यक्रम को लेकर डीसी ने पतरातू लेक का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड स्थित पतरातु लेक रिसोर्ट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संभावित कार्यक्रम के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ रिसोर्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु रिसोर्ट में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया गया। इस क्रम में जिला प्रशासन, रामगढ़ एवं पतरातु लेक रिसोर्ट के अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश भी दिए। दौरे के क्रम में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रतिदिन बड़ी संख्या में पतरातु लेक रिसोर्ट में आ रहे सैलानियों कि सुरक्षा के मद्देनजर की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रिसोर्ट में भीड़ भाड़ नियंत्रित करने व सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त ने रिसॉर्ट के अधिकारियों को नौका विहार हेतु सभी दिशानिर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के उपरांत ही पर्यटकों को नौका विहार की अनुमति देने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने रिसोर्ट में पर्यटकों के लिए उपलब्ध अन्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए पर्यटकों को और भी सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु, जिला व प्रखंड स्तरीय अधिकारी और पुलिस अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## दुलमी गांव में मंडा पूजा भक्ति, आस्था और त्याग का संगम है: ममता देवी



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के दुलमी गांव में मंडा पूजा में पूर्व विधायक ममता देवी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बजरंग महतो शामिल हुए एवं पूजा अर्चना की। इस दौरान ममता देवी ने कहा कि मंडा पर्व झारखंड की परंपरा और संस्कृति से जुड़ा हुआ है। जिसे झारखंड में लोग काफी उत्साह और उमंग के साथ लोग मनाते हैं । कहा की यह पर्व अच्छी बारिश, खेत-बारी और समृद्धि के लिए मनाया जाता है। इस पर्व के दौरान भक्त आग पर चलने और ऊंचाई पर पीठ पर लगे हुक के सहारे झूलते हैं। इस दौरान श्रद्धा और भक्ति का ऐसा नजारा दिखता है जिसमें बड़े तो बड़े नन्हे बच्चे भी अपनी भक्ति की परीक्षा देते हैं । इस भक्ति के परीक्षा का उद्देश्य भगवान के प्रति आस्था और प्रेम को दशार्ना होता है। कहा की मंडा पर्व आस्था और विश्वास का प्रतीक है। जलते अंगारों में चलकर लोग अपने अटूट आस्था का परिचय देते हैं। इस महापर्व में क्षेत्र के चहुंमुखी विकास और सुख समृद्धि की कामना करती हूं। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, दुर्गा महतो, सुभाष महतो, सीताराम महतो, चितरंजन महतो, पप्पू महतो, दिलीप शर्मा, प्रकाश करमाली, उतम कुमार आदि उपस्थित थे ।

### मामला : रोहित हत्याकांड

# तीन अभियुक्त धराए न्यायालय को सुपुर्द

### पुलिस पर रखे भरोसा दोषी बचेंगे नही , निर्दोष फसेंगे नही : इंस्पेक्टर



नवीन मेल संवाददाता। बरही चतरो के रोहित पंडित हत्याकांड में संलिप्त तीन आरोपियों को पुलिस ने चौपारण थाना के बारहमोरिया से गिरफ्तार कर लिया है । उक्त जानकारी प्रेस बयान जारी कर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने दिया. गिरफ्तार व्यक्ति में चतरो निवासी सेवा पंडीत (50 वर्ष) पिता स्व शोभन पंडीत, उसका पूरा सीताराम पंडित (20 वर्ष) एवं सीताराम पंडित की पत्नी मनीषा पंडीत शामिल है। तीनो को अग्रेतर करवाई हेतु न्यायलय अग्रसारित किया गया है। विदित हो की बीते 3 मई को चतरो के बासुदेव पंडीत के पुत्र रोहित पंडीत के साथ मार पीट की गई थी. इस मार पीट में इलाज के क्रम में शुक्रवार को उक्त युवक की मौत रांची में हो गई थी। मृतक युवक के लिखित आवेदन के आधार पर 3 मई को ही इन तीन के अलावा अन्य सात सहित कुल दस व्यक्तियों पर मार पीट से संबंधित मामला दर्ज करवाया था। आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर शुक्रवार देर रात्रि तक स्थानीय विधायक अकेला यादव के नेतृत्व में मृतक के परिजन व ग्रामीण शव के साथ थाना में प्रदर्शन करते रहे। एसडीपीओ नाजिर अख्तर के आश्वासन के बाद रात्रि करीब साढ़े नौ बजे परिजनों ने शव को थाना ले गए और मामला शांत हुआ। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर सघन छापेमारी कर रही है। दोषी किसी भी हालत में पुलिस की गिरफ्त से बच नही सकते है. उन्होंने लोगो से अपील किया कि पुलिस पर विश्वास करे, दोषी बचेंगे नही और निर्दोष फंसेंगे नही। इस करवाई में पुनि सहित पुअनि महेंद्र बैठा, चंदन कुमार साव, लक्ष्मण बोबोंगा, सअनि दिनेश कुमार महतो, राजा राम हांसदा, महिला चौकीदार पुनिया मसोमात सहित थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे ।

# भूमिहीन मसोमात सुदामा को मिला जमीन, अब बनेंगे आशियाना



**नवीन मेल ससंवाददाता। बरही** मलकोको की निःसहाय और भूमिहीन स्व जागेश्वर रविदास की पत्नी सुदामा देवी को आवास निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध करवा दिया गया है। उक्त जानकारी अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने दिया. उन्होंने बताया कि अनुमंडलाधिकारी पूनम कुजुर की पहल पर उपसमाहर्ता राकेश रौशन के निदेर्शानुसार अंचल कार्यालय ने उक्त महिला को मलकोको मौजा अंतर्गत खाता नंबर 51 प्लॉट नंबर 250 का दो डिसमिल भूखंड उपलब्ध करवा दिया है। यह जमीन गैरमाजरूआ खास अंतर्गत परती कदीम किस्म की है। सीओ ने शनिवार को संबंधित जमीन का दाखिल खारिज पर्ची महिला को युवा समाजसेवी सूरज दास की उपस्थिति में उपलब्ध करवा दिया है। सीओ ने कहा कि प्रशासनिक कारवाई में थोड़ा बिलंब अवश्य होता है परंतु न्याय में किसी भी प्रकार की कोताही नही की जाती हैं। लोगो को थोड़ा धैर्य और अधिकारियो पर विश्वास रखने की आवश्यकता है । विदित हो कि उक्त विधवा के नाम से अंबेदकर आवास निर्गत किया जा चुका है। आवास निर्माण हेतु पहली किश्त भी निर्गत की जा चुकी है। परंतु भूमि नही रहने के कारण आवास निर्माण का कार्य नही हो पा रहा था। महिला का कोई भी सहारा नही है। वर्तमान में वह मलकोको में ही सरकारी विद्यालय के जर्जर बेकार भवन में पिछले एक साल से भी अधिक से रह रही है। भूमि हेतु वह करीब पिछले कई महीनों से अधिकारियो से गुहार लगा रही थी। विदित हो कि इस कार्य में और महिला को आश्रय दिलवाने में युवा समाजसेवी दास की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

## बिटिया के विवाह में किया सहयोग



**रामगढ़।** ज्ञान महिला समिति द्वारा बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ,दहेज प्रथा खत्म हो कार्यक्रम के तहत रामगढ़ जिले के सिरका निवासी स्वर्गीय दशरथ मुंडा की पुत्री टोनी कुमारी का विवाह संपन्न करवाने में सहयोग किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने किया. कार्यक्रम में बतौर अतिथि सूरज कुमार बेदिया, नीरज पासवान ने अपने हाथों से लड़की के परिजनों का पांव पूजन कर फूलों की वर्षा कर 30 केजी आटा, 26 केजी चावल, पापड़, सोने का नोज पिन, 3 चांदी का अंगूठी, आर्टिफिशियल ज्वेलरी लड़की के परिजनों को सौंपा। नीरज पासवान ने कहा कि ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल जरूरतमंद परिवार की बेटियों के विवाह में जो सहयोग करते हैं वह प्रशांसनीय है। वहीं, सूरज कुमार बेदिया ने कहा कि ज्ञान महिला समिति रामगढ़ जिले में गरीब बेटियों के विवाह के मौके पर जो सहयोग करती है वह सराहनीय है। मौके पर लीला देवी,गुड़िया देवी,मंजू देवी,सरिता देवी, पारो देवी,शक्ति देव आदि मौजूद थीं।

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**
**झुमरी तिलैया।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के निर्देशानुसार 6 मई को बिछी पहरी के मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता वार्ड 12 के सदस्य विनय राणा ने की। बैठक में ग्राम स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाने, ठोस कचरा एवं तरल कचरा प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने और सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित करने समेत अन्य बातों पर चर्चा की गई। बैठक के बाद सफाई अभियान भी चलाया गया। जिसमें सुभाष पंडित, मुखिया प्रतिनिधि किशोर साव, संतोष पंडित, सत्येंद्र पंडित, रेखा कुमारी, सोनी देवी, सुनीता देवी, सावित्री देवी, आशा कुमारी, देवंती देवी, मंजू देवी, गंगा कुमारी, कौशल्या देवी, शांति पंडित, मुंशी पंडित, बृजलाल पंडित, डीलो पंडित, पंकज पंडित, शंकर राणा, सुरेंद्र राणा, प्रकाश पंडित, विनोद कुमार पंडित और कुंजो राणा के अलावा कई लोग मौजूद थे।

## लोहसिंघना में जागरण का आयोजन



**रामगढ़।** श्री श्री 108 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की समाप्ति के पश्चात शुक्रवार की रात लोहसिंघना में जागरण का आयोजन हुआ। जागरण का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो ने किया। मौके पर उन्होंने महायज्ञ के सफल आयोजन के लिए यज्ञ समिति के प्रति आभार जताया। कहा कि यज्ञ का आयोजन होना गांव-समाज के लिए कल्याणकारी होता है। उन्होंने कहा कि जागरण के माध्यम से सनातनी अपने इष्ट देवताओं को याद करते हैं। मौके पर एसएस म्यूजिकल ग्रुप धनबाद के कलाकारों ने गणेश वंदना के साथ जागरण की शुरूवात की। उसके बाद भक्ति गीतों से लोगों को मन्त्रमुग्ध कर दिया। मौके पर मुखिया रामसेवक महतो, मिश्री लाल महतो, सुखदेव महतो, टेकलाल करमाली, मेघनाथ महतो, सोहन लाल महतो, दुलार प्रसाद, टेकलाल महतो आदि उपस्थित थे।

# झुमरी तिलैया में बच्चों के लिए समर कैंप लगा

**नवीन मेल संवाददाता**
**झुमरीतिलैया।** शहर में क्रिकेट को बढ़ावा देने की अग्रणी संस्था विनीत स्पोर्ट्स गार्डन के तत्वाधान में समर कैंप का उद्घाटन समारोह शनिवार शाम को विनीत स्पोर्ट्स गार्डन के कैंपस में आयोजित की गई। बतौर मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने क्रिकेट एकेडमी की भूरी -भूरी प्रशंसा की एवं कहा कि इस तरह के संयोजित ढंग से खेल प्रशिक्षण से बच्चे एक तो मोबाइल के लत से छुटकारा पाएंगे और शारीरिक तथा मानसिक रूप से मजबूत हो पाएंगे। विधायक श्री यादव ने कहा की क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं जरूरत है सही दिशा और निर्देश देने की जो विशाल शूद अपने एकेडमी के द्वारा देने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि ऐसे एकेडमी से बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है ।उन्होंने बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि तकनीकी तौर पर बच्चों के खेल में और निखार आएगी ।उन्होंने इस एकेडमी से राज्य स्तरीय खेल में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए कहा की इस एकेडमी के सहारे और भी बच्चे राज्य स्तरीय और देश का भी प्रतिनिधित्व कर सकेंगे यह इस क्षेत्र के लिए गर्व का विषय होगा। संस्था के निर्देशक विशाल सूद ने एकेडमी की विस्तृत जानकारी दी एवं अपने संकल्प को लोगों के सामने रखा। विनीत स्पोर्ट्स गार्डन के चैंपियन खिलाड़ियों में अभय कुमार सिंह, आभास मुखर्जी ,आयुष पांडे अपने अनुभव को लोगों के बीच रखा। मौके पर अभिभावक सुजीत कुमार , सोनल खेतान, श्वेता जैन ने भी अपने विचार लोगों के समक्ष रखा और एकेडमी से उनके बच्चों में हो रहे सर्वांगीण विकास को भी लोगों के बीच साझा किया। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र जयसवाल पिंटू शुक्ला ने भी संबोधित किया।

## हजारीबाग : डीसी ने किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शनिवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया. उन्होंने अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया. उन्होंने अस्पताल के मेडिसीन ओपीडी, मनोरोग विभाग, स्किन विभाग, ईएनटी ओपीडी, क्लिनिकल पैथोलॉजी, दंत विभाग, ब्लड बैंक, स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट समेत गायनी ओटी का निरीक्षण किया. उन्होंने सभी वार्डों में तय चिकित्सकों के समयवार रोस्टर ड्यूटी के अनुसार उपलब्धता की जानकारी ली. मौके पर मौजूद सिविल सर्जन एवं अस्पताल प्रबंधक से बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए आवश्यक उपकरणों का आकलन कर उन सामग्रियों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन बेहतर स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने के लिए हरसंभव मदद को तैयार है। डीएमएफटी मद से पूर्व में ही चिकित्सकों के गैप को भरने का प्रयास किया गया है, जो आगे भी जारी रहेगा।

# बब्लू मोदी के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर निकाला कैंडल मार्च




**नवीन मेल संवाददाता**
**झुमरीतिलैया।** आम नागरिक मंच तत्वाधान शनिवार की शाम बब्लू मोदी की हत्या को लेकर नाराजगी जताते हुए शहर के पूर्णिमा टॉकीज से लेकर झंडा चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया । इस मौके पर सभी के हाथ में बब्लू मोदी के हत्यारों को गिरफ्तार करो ,, पीड़ित परिवार को न्याय दो,,, की तकती को ले कर चल रहे थे। वही पुलिस प्रशासन के नाकामियों को ले कर जम कर नारेबाजी की । मौके पर मृतक के पिता ने कहा कि मेरा पुत्र का हत्या को ले कर आज एक सप्ताह हो गया है और पुलिस प्रशासन अभी तक इसका उद्भेदन नहीं किया और ना ही कोई सक्रियता दिखा रही है । वही इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र मोदी ने कहा कि बब्लू मोदी के हत्या को लेकर पुलिस की नाकामी दिख रही है , गुरुवार को पुलिस अधीक्षक से मिलने पर उन्होंने कहा था कि इसको ले कर एक जांच टीम गठन हो गई है , और जल्द ही इसका उद्भेदन करेंगे , लेकिन अभी तक कोई सक्रियता देखने को नहीं मिल रहा है । प्रशासन से यही मांग है कि इस घटना का उद्भेदन कर जल्द से जल्द कर आरोपियों को गिरफ्तार करे । उन्होंने कहा कि आए दिन इतनी घटना हो रही है लेकिन कोई उद्भेदन नही होता है और ना कोई गिरफ्तारी होती है । बब्लू मोदी एक साधारण फल दुकानदार था और इसकी निर्मम हत्या हो गई है । अगर पुलिस प्रशासन हाथ पर हाथ रख कर बैठी रहेगी तो आम लोग कैसे अपने आप को सुरक्षित महसूस करेंगे । इसलिए पुलिस प्रशासन इसका जल्दी उद्भेदन कर गिरफ्तार करे , नही तो उग्र आंदोलन करेंगे और जरूरत पड़ा तो मुख्यमंत्री तक जायेंगे । इस कैंडल मार्च में जिले के मोदी समाज के आलावा अन्य समाज के लोग भी शामिल हो कर नाराजगी जताई । इस मौके पर मोदी बरनवाल समाज के जिलाध्यक्ष रामेश्वर मोदी , सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र मोदी , पंकज बर्नवाल, सुषमा सुमन , निवर्तमान वार्ड पार्षद पिंकी जैन , अहिवरन वंशज के अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी , सचिव पंकज वर्णवाल , युवा अध्यक्ष अजय बर्नवाल आदि उपस्थित थे ।

## मुखिया ने चलाया जागरूकता अभियान




**बरकट्ठा।** प्रखंड के बेडोकला में मुखिया रिंकी देवी ने ग्रामीणों व स्कूली बच्चों के साथ स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता जरूरी है। उन्होंने प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने और अपने आसपास टोले मोहल्ले को स्वच्छ रखने की अपील की। मुखिया ने स्वच्छ भारत मिशन को लेकर स्वच्छता अभियान चलाया।अभियान की शुरूवात पंचायत सचिवालय से की गई।मौके पर उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि देवेन्द्र पांडेय ने कहा कि हमलोगों ने संकल्प लिया कि पंचायत के हर वार्ड गली मोहल्ले में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करेंगे तथा यह कार्यक्रम अनवरत चलेगा। उन्होंने लोगो को शौचालय का उपयोग करने की नसीहत दी। मुखिया ने ग्रामीणों के साथ मिलकर सचिवालय परिसर की साफ सफाई की। वहीं बेडोकला स्थित मध्य विद्यालय पहुंचकर स्वच्छता को लेकर बच्चों को जागरूक किया गया।बताया गया कि स्वच्छता जीवन की दिनचर्या में शामिल होना चाहिए। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि देवेन्द्र पाण्डेय,वार्ड सदस्य उषा कुमारी, नीतु देवी, देवीलाल यादव, बासुदेव पासवान, बालेश्वर यादव, बिरेंद्र शर्मा, उमेश यादव, लखिया देवी, विजय दास, जलसहिया पुजा देवी,कंचन देवी समेत आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

**आस्था**

### नौ दिवसीय हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा में कई जनप्रतिनिधि शामिल

# कलश यात्रा के साथ महायज्ञ शुरू

बरकट्ठाः-प्रखंड के गंगपाचो पंचायत अंतर्गत ग्राम पैसरा में 9 दिवसीय हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलशयात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मुख्य रूप से विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिला उपाध्यक्ष किसुन यादव, जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल, जिला ग्रामीण सचिव सुनील रजक, जयनगर प्रमुख प्रतिनिधि सह मुखिया राजकुमार यादव, स्थानीय मुखिया चिंता देवी, गयपहाड़ी मुखिया कलावती देवी, भाजपा ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी शामिल हुए। 851 महिलाएं और कुंवारी कन्याओं ने लाल, पीले वस्त्र में माथे पर कलश उठाकर नव निर्मित हनुमंत मंदिर के प्रांगण से तेतरिया टांड होते हुए बरसोती नदी से मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरकर वापस मंदिर के प्रांगण में पहुंची जहां कलश को स्थापित किया गया। मौके पर पूर्व मुखिया अशोक रविदास, रामचंद्र राम, मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, मुरली महतो, जागेश्वर प्रसाद, इंद्रदेव यादव, इंद्रदेव गोप, कामदेव रजक, समाज सेवी ललन यादव, रमेश यादव, दूर्गा चौधरी, मणिलाल चौधरी, नारायण प्रसाद, मनोहर चौधरी, युगल राम, राजद नेता



## दनुआ घाटी में तीन वाहनों में टक्कर, जीटी रोड जाम

**चौपारण।** चौपारण प्रखंड मुख्यालय से आठ किमी दूर जीटी रोड दनुआ घाटी में शनिवार को सड़क दुर्घटना हुई। इस दौरान तीन वाहन आपस में भिड़ गए. दुर्घटना के बाद दनुआ घाटी में अफरा-तफरी मच गई। जीटी रोड पर आवागमन ठप हो गया और जाम लग गई। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस प्रशासन तथा चोरदाहा चेकपोस्ट के पुलिस अधिकारी और जवान घटनास्थल पर पहुंचे। चौपारण थाना प्रभारी शंभुनंद ईश्वर ने जीटी रोड पर कैंप कर पहले दोनों तरफ के वाहनों को रोक कर दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को क्रेन से हटवाया। दो घंटे के प्रयास से एक लेन पर आवागमन शुरू कर दिया गया। सभी वाहनों के चालक-उपचालक को हल्की- चोटें आईं है सभी सुरक्षित हैं।

## ड्रीम बूस्टर फाउंडेशन द्वारा तीसरे बैच के लिए परीक्षा संपन्न, कक्षाएं प्रारंभ

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के कलहाबाद स्थित ड्रीम बूस्टर फाउंडेशन द्वारा तीसरे बैच में नामांकन हेतु 23 अप्रैल को अंतिम जांच परीक्षा आयोजित की गई थी। जानकारी देते हुए मैनेजमेंट के संजय प्रसाद ने बताया कि मेरिट लिस्ट के आधार पर 25 छात्रों का चयन किया गया है। विदित हो कि डी बी एफ विगत 3 वर्ष से गरीब एवं मेधावी चयनित छात्रों के लिए निशुल्क कोचिंग क्लासेस चला रही है जिसमें नवोदय, नेतरहाट ,इंदिरा गांधी व सैनिक स्कूल आदि सरकारी वित्त पोषित आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षाओं में नामांकन हेतु छात्रों को मदद करने में संस्था अहम भूमिका निभा रही है ।श्री प्रसाद ने बताया कि फाउंडेशन को इस पहल के लिए बुद्धिजीवियों एवं प्रतिनिधियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

# मवेशियों को प्रेरणा शाखा ने खिलाया तरबूज, रोटी और गुड़



**नवीन मेल संवाददाता**

झुमरी तिलैया। मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा ने गौ आहार के तहत श्री कोडरमा गौशाला परिसर में मवेशियों को तरबूज , रोटी और गुड़ खिलाया । इस अवसर पर प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया ने कहा कि शाखा के द्वारा गौ आहार कार्यक्रम कर काफी सुकून मिलता है । उन्होंने कहा कि बेजुबान पशुओं को फल खिलाकर पुण्य पाया जा सकता है । वही सचिव सारिका लड्ढा ने कहा कि मनुष्य तो अपने लिए भोजन और जल की व्यवस्था कर लेता है लेकिन बेजुबान जानवर इसके लिए इधर-उधर भटकते हैं। ऐसे में मायूम के द्वारा अमृतधारा योजना के तहत निवास स्थलों और छतों पर विभिन्न पक्षियों के लिए पानी रखने की व्यवस्था की गई है । वहीं शहर के 20 स्थानों पर सड़कों पर भटकने वाले मवेशियों के लिए टब में पानी की व्यवस्था की गई है , जिससे उन्हें पानी के लिए भटकना ना पड़े। अमृतधारा योजना की परियोजना निदेशक काजल गुप्ता , ममता बंसल ने बताया कि शहर में अमृत धारा योजना के तहत 10 अस्थाई घड़े भी लगाई गई है , जिससे राहगीरों को ठंडा पानी मिल सके। वही गौ आहार कार्यक्रम के परियोजना निदेशक शालू चौधरी ने कहा कि गौ सेवा ही सच्ची सेवा है और इसमें 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है। इधर शनिवार को प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता , मुख्यालय उपाध्यक्ष विशाल पहाड़िया एवं महामंत्री सार्थक अग्रवाल ने राज्य की 77 शाखाओं में अप्रैल माह में बेहतर कार्य करने के लिए झुमरी तिलैया प्रेरणा शाखा को पुरस्कार देते हुए संस्था को बधाई दिए। मौके पर उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया, अनु संघई, श्वेता गुटगुटिया , नेहा बजाज, सुनीता गुटगुटिया, सरिता अग्रवाल, नीतू अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# कोरोमिया महतो टोली में पहुंचा ट्रांसफार्मर

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत कोरोमिया पंचायत के महतोटोली गावं में ट्रांसफर्मर खराब होने के कारण विगत एक माह से बिजली नहीं थी। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ट्रांसफर्मर खराब होने की सुचना लोगों ने झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना को दी। अनिल कंडुलना ने बिजली विभाग से संपर्क कर तुरंत ट्रांसफर्मर की व्यवस्था कर दी। ट्रांसफर्मर पाकर कोरोमियाँ महतोटोली के लोगों में खुशी की लहर छा गयी। जिला सचिव सफीक खान ने ग्रामीणों को



जानकारी देते हुए कहा की कोविड के बाद ग्रामीण उपभोताओं की वित्तीय स्थिति खराब हो गयी है इस लिए झारखण्ड सरकार ने घरेलु बिजली उपभोगताओं को 100 यूनिट बिजली मुफ्त दे रहीं है। वैसे उपभोक्ता जिसका बिजली बिल बकाया है उनके लिए भी सरकार वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लायी है, जिसके तहत उपभोक्ताओं को बिजली बिल देने पर ब्याज माफ किया जायगा।

# बैडमिंटन कोर्ट एवं जिम सेंटर खुला





**नवीन मेल संवाददाता**

सिमडेगा। इंडोर स्टेडियम अंतर्गत बैडमिंटन कोर्ट एवं जिम सेंटर का शनिवार को उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने संयुक्त रुप से नारियल फोड़ कर एवं फीता काटकर किया। इसके बाद दोनों विधायक ने जिम में जाकर थोड़ा व्यायाम की। साथ ही बैडमिंटन भी खेला। इसके बाद खिलाड़ियों के लिए बहाल की गई अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। बताया गया कि इंडोर खेल जैसे बैडमिंटन, कैरम, टेबल टेनिस, जीम, योगा आदि खेलो के लिए भव्य इंडोर स्टेडियम, एथलिट ट्रेक, क्रिकेट और बास्केटबॉल मैदान बनाया जा रहा है। उद्घाटन के मौके पर डीडीसी अरुण वाल्टर सांगा, एसी अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, एसडीओ महेंद्र कुमार, डीएसडब्ल्यू राजेंद्र प्रसाद सिंह, डीएलओ अजय बड़ाईक, पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा, बीडीओ अजय कुमार रजक, सीओ प्रताप मिंज, कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, झामुमो नेता शफीक खान, प्रदीप केशरी, विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, जमीर हासन, जमीर अहमद, प्रतिमा कुजूर, प्रखंड अध्यक्ष नवीन बिरेन तिर्की,सोनू नायक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**युवाओं की प्रतिभा को दिया जा रहा है मंच: भूषण बाड़ा**

विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि खिलाड़ियों को सम्मान देने के साथ उनकी प्रतिभा को निखारने का काम महागठबंधन सरकार कर रही है। खासकर जिले के ग्रामीण परिवेश के युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उनको राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मंच दिलाने के लिए काम किया जा रहा है। इसके लिए सभी प्रखंडों में समय समय पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन कराय जा रहा है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के अभ्?यास के लिए ग्रामीण इलाकों में अनगिनत खेल मैदान का निर्माण किया जा रहा है। हमारा मानना है कि ग्रामीण इलाकों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। खिलाड़ियों को हौशला बढ़ाने में कोई कसर नहीं होना चाहिए। उनको मिलने वाली सभी सुविधाओं को लाभ पहुंचाना है।

**आउटडोर गेम्स के साथ इंडोर गेम्स को भी मिलेगा बढ़ावा: विक्सल कोंगाड़ी**

विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि जिले में आउटडोर गेम्स के साथ-साथ इंडोर गेम्स को भी आगे बढ़ाने के लिए सरकार के द्वारा स्टेडियम का निर्माण किया गया है। इसमें बैडमिंटन, योगा, जिम आदि की सुविधा दी गई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में टर्फ स्टेडियमों का निर्माण कराया गया है। इसके निर्माण के बाद ग्रामीण परिवेश के युवाओं की प्रतिभा सामने आ रही है और उनको एक मंच मिल रहा है।

## जलडेगा में पैसे लेकर बनाया जा रहा है फर्जी जन्म प्रमाण पत्र

**जलडेगा।** गंदा है पर धंधा है ये, सूट आउट लोखंडवाला फिल्म का यह गाना जलडेगा स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों पर फिट बैठता है। दो सौ से हजार रुपये में यहां के कर्मी किसी का भी जन्म प्रमाण पत्र आसानी से बना देते है। सवाल जबाब की बारी आती है तो खुद को पाक साफ बताने लगते हैं। कई बार देखा गया है कि पैसे के लालच में कर्मी सभी कागजात की जांच ठीक से नहीं करते हैं। जो पैसा नहीं देते हैं, उनके काम को महीनों लटकाया जाता है। जलडेगा प्रखंड में पैसा लेकर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का मामला सामने आया है। मामले का खुलासा तब हुआ जब पतिअम्बा पंचायत के खरवागाढ़ा गट्टीगाढ़ा गांव निवासी हेलेना होब्बो, पति ओस्कर होबो और कोनमेरला पंचायत के बलडेगा गांव निवासी भगवती देवी पति राजेश सिंह का आवेदन फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के कारण अस्वीकृत कर दिया। जानकारी के मुताबिक दोनों महिला श्रम विभाग में निबंधित मजदूर हैं।

## झुमरी तिलैया से खाटूधाम दर्शन कर लौटे भक्त



**झुमरी तिलैया।** झुमरी तिलैया के भक्तगण 30 अप्रैल को कोडरमा स्टेशन से चलकर खाटूधाम की यात्रा पुरी कर वापस आ गए है। भक्तजनों ने बताया की हमसभी 30 अप्रैल को कोडरमा स्टेशन से चलकर खाटूधाम की यात्रा पुरी कर वापस आये है। 01 मई को रींगस से मुकेश भोजगड़िया ने बाबा का निशान उठाकर 17 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर खाटुपति श्याम बाबा का निशान चढ़ाया। मुकेश भोजगड़िया ने बताया की खाटुपति श्याम बाबा का निशान लेकर पैदल चलना बड़ा सकून देता है। यह निशान भक्तिभाव श्रद्धा से जो चढ़ाते है। उनकी हर मनोकामना श्री खाटूपति श्याम पुरी करते है। निशान चढ़ाने के बाद मेरी जिंदगी मे ऐसा चमत्कार हुआ जिसे शब्दों मे व्यान नहीं किया जा सकता। और जिसे मै अपने जीवन मे नहीं भुला सकता। हर महीने के एकादशी को मैं खटुधाम जाता हूं। यह निशान चढ़ाने के उपरांत सभी कोडरमा वासियो के लिए सुख, शांति, समृद्धि और मंगलकामना का कामना किया। इस यात्रा मे झुमरी तिलैया से गिरधारी सोमानी, रवि दाहिमा, पप्पू सिंह आदि लोग शामिल थे।

## कैलाश राय सविमं में स्पेलिंग टेस्ट प्रतियोगिता



**झुमरी तिलैया।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में विद्यालय स्तरीय स्पेलिंग टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शिशु वर्ग के कक्षा तृतीय से पंचम तक के 30 भैया-बहन हिस्सा लिए। जिसमें प्रथम स्थान पर कक्षा पंचम के भैया कुमार गौरव रहे। द्वितीय स्थान कक्षा पंचम की ही बहन दिव्यांशी कुमारी रही जबकि तृतीय स्थान कक्षा पंचम के ही भैया आर्यन कुमार को मिला। विजेता भैया बहनों को पुरस्कार देकर वंदना सभा में सम्मानित किया गया इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से भैया बहनों में प्रतिस्पर्धा का प्रभाव जागता है साथ ही वर्तनी और उच्चारण का भी ज्ञान होता है अगर शुरू से ही भैया बहनों को इन सब चीजों पर ध्यान दिया जाए तो वह भैया बहन आगे चलकर काफी अच्छा बोलना तथा लिखना सीख जाते है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य मनोज कुमार सिंह, रामानुज पाण्डे, विजय कुमार मिश्रा, प्रदीप कुमार ,नीरज कुमार, वीरेंद्र प्रसाद,संजय महतो, दीपक कुमार विश्वकर्मा ,विपिन कुमार डे, चंद्रशेखर कुमार, विजय कुमार तिवारी ,मुन्ना सिंह ,श्वेता श्रीवास्तव, रानी प्रसाद, शर्मिष्ठा साहा, सोनी कुमारी, पवन कुमार शर्मा ,अर्चना सिन्हा ,अनीता ठाकुर, प्रिया राज, रिमझिम कुमारी, गीतांजलि शर्मा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

# जैन संतों ने बच्चों को पाठ याद करने के दिए टिप्स



**नवीन मेल संवाददाता**

झुमरी तिलैया। दिगंबर जैन विद्यालय परिसर में संत शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनी श्री 108 निर्वेग सागर जी महाराज, मुनी श्री 108 शीतल सागर जी महाराज एवं ऐलक श्री 105 निजानंद सागर जी महाराज का विद्यालय में प्रवेश हुआ। पूज्य गुरुदेव ने क्लास 3 से क्लास 10 वीं तक के बच्चों को संबोधन दिया। महाराज श्री ने छात्रों को याद करने के तरीके बताये। महात्मा गाँधी एवं प्रथम राष्ट्रपति राजेन्द प्रासद एवं डॉ अबेडकर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनकी अच्छाई बताई। मुनी श्री ने कहा छात्र यदि सुबह 4 बजे से 6 बजे तक एवं रात 8 से 10 बजे तक पढ़ाई करते तो निश्चित तौर पर टॉपर बन सकते हैं। उन्होंने प्रसिद्ध आइआरटी गौतम कुमार के बारे में बताया। सभी छात्र महाराज श्री के आने से उत्सुक एवं हर्षित थे। प्रवचन का समाज के 50 लोगों ने लाभ लिया। मौके पर विद्यालय के संयोजक सुनील छाबड़ा, संदीप सेठी, नवीन सेठी, रीता सेठी, मंत्री ललित सेठी, उपाध्यक्ष कमल सेठी, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र काला, सुबोध गंगवाल, आशा गंगवाल, रानी छाबड़ा आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंगलाचारण विद्यालय की छोटी-छोटी बच्चियों ने किया। मंच संचालन पं.अभिषेक शास्त्री ने किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी नवीन जैन और राज कुमार अजमेरा ने दी है।

# हादसे में शिक्षिका की मौत, शोक की लहर





## सदर अस्पताल पहुंचे विधायक भूषण बाड़ा व विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने जताया शोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** ड्यूटी जा रही एक शिक्षिका रेशमा बा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक शिक्षिका रेशमा बा जोराम स्कूल में पदस्थापित थी। शनिवार की सुबह सिमडेगा के ठाकुरटोली स्थित आवास से ठेठईटांगर के जोराम स्कूल जा रही थी। इसी क्रम में ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के बाड़ा पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात कार ने उसे पीछे से धक्का मार दिया। घायल अवस्था मे थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश ने उसे रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया इधर घटना के बाद शिक्षा जगत में शोक की लहर है। बताया गया कि मृतक शिक्षिका कांग्रेस कार्यकर्ता सागर केरकेट्टा की बहन थी। जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने भी शिक्षिका के निधन पर गहरी शोक संवेदना ब्यक्त की है। उन्होंने दिवंगत शिक्षिका के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्राथना की है।इधर घटना की जानकारी मिलने पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी, एसडीईओ बादल राज, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रेम शर्मा सहित कई लोग सदर अस्पताल पहुंचे। साथ ही परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर सम्भव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# चिकित्सक व कर्मियों को मिला प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** सदर अस्पताल सभागार में उपायुक्त श्री आदित्य रंजन की अध्यक्षता में सदर अस्पताल के चिकित्सक एवं कर्मियों को कुशल व्यवहार तथा तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। उपायुक्त महोदय द्वारा चिकित्सक एवं कर्मियों को सदर अस्पताल में आने वाले मरीजों व लाभुकों के साथ कुशल व्यवहार कैसा होना चाहिए, कैसे सद्भाव से व्यवहार करें, इसके संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शाम 7.30 तक चला, जिसमें 30 डॉक्टर व कर्मी का टीम बनाया गया था। जिसमें चिकित्सक, प्रबंधक, ऑपरेटर और लिपिक शामिल थे। उपायुक्त श्री रंजन ने सभी चिकित्सा व कर्मी को सदर अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ कैसे कुशल व्यवहार करना है, विस्तार से बताया। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सारे बिन्दुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण हेतु 30 चिकित्सा व कर्मी के टीम था, जिसे चार टीम में बांटा गया। पहला डॉक्टर, दूसरा मैनेजर, तीसरा ऑपरेटर और चौथा क्लर्क शामिल हैं। प्रशिक्षण के उपरांत चिकित्सा व कर्मी ने प्रशिक्षण से संबंधित अपना अनुभव साझा किया और चार्ट पेपर के माध्यम से सदर अस्पताल में क्या-क्या बदलाव करना चाहते हैं उस पर एक दूसरे बात-चीत की गयी।

## ग्रीन राशन कार्ड धारियों को दिया गया राशन

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा और जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने शनिवार को प्रखंड के कई पीडीएस दुकानों में जाकर ग्रीन राशन कार्ड धारियों के बीच राशन का वितरण किया। इस दौरान विधायक बाघटांड़, सिकरीयाटांड़ चोगोटोली आदि गांवों में स्थित पीडीएस दुकान पुहंचे। साथ ही लाभुकों को राशन का पैकेट दिया। विधायक ने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत छूटे हुए लोगों को ग्रीन कार्ड योजना से आच्छादित किया जा रहा है। महागठबंधन सरकार ग्रीन कार्ड योजना उन लोगों के लिए लाई है, जिनको राशन नहीं मिलता था। जो गरीब थे और राशन कार्ड की पात्रता तो रखते थे।

## मेरिडिअन में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता





**झुमरी तिलैया।** आश्रम रोड में संचालित मेरिडियन किड्स फ्लोरेट में रवींद्रनाथ टैगोर के जन्म दिवस के अवसर पर चारों सदनों के बीच पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में चारों सदनों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया और रवींद्रनाथ टैगोर का मनोरम दृश्य बना कर सभी का मन मोह लिया। उत्कृष्ट पोस्टर के साथ साथ उनके जीवनी, कविता और उपलब्धियों के बारे में भी उल्लेख किया। उत्कृष्ट पोस्टर के लिए गंगा हाउस को प्रथम स्थान और कावेरी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय के एकडमिक इंचार्ज किशोर मिश्रा ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सी सी इंचार्ज खुर्शीद अंसारी और स्नेहा कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**समाधान**

## कहुपानी गांव में विधायक का ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

# कोलेबिरा विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**

ठेठईटांगर। प्रखंड अंतर्गत राजाबासा पंचायत के कहूपानी गांव में जन समस्या का समाधान के लिए विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी उपस्थित हुए। विधायक की उपस्थिति देख गांव वालो ने जोरदार स्वागत किया। साथ ही अपनी अपनी समस्या को आवगात कराया। जैसे की क्षेत्र में अभी गर्मी का समय है और बहुत जगह पानी का समस्या रहता है तथा बिजली सड़क आदि समस्याओं को विधायक के सामने रखा। विधायक ने सभी समस्यायों को सुना और कहा की आप लोगो का हर समस्या को अच्छी तरह से मैं समझ रहा हु। मेरे स्तर से जितना भी समस्या का समाधान होता है मैं करता हु। और रही बात पानी की तो अभी क्षेत्र का जितना भी चापाकल खराब हैं उसका सूची मुझे जमा करे ताकि जितना भी चापाकाल खराब है उसको जल्द से जल्द ठीक करवाया जाएगा और रही बात बिजली की तो उसका भी सूची मेरे पास जमा करे अभी बिजली का टेंडर किया जा रहा है जिस एरिया में बिजली नही पहुंचा है वहा बिजली पहुंचाया जाएगा। साथ ही जनता की हर छोटी बड़ी समस्या का भी समाधान कराने के लिए हमेशा



जनता के साथ रहता हूं।मौके पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, मुखिया वसंत समद, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू आदि उपस्थित थे।

## येलो डे पर बच्चों ने जाना पीले रंग का महत्व



**झुमरी तिलैया।** शहर के बाईपास रोड स्थित क्लोरोफिल स्कूल में हेलो डे का आयोजन किया गया । मौके पर पीले रंग में विभिन्न परिधानों में सजे बच्चों ने इस रंग की बारीकियों व खूबियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई । साथ ही पीले रंग के कार्यों में प्रयोग में लाने के गुण सीखाए गए । कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न वस्तुओं के पीले रंग इस्तेमाल कर उनकी सुंदरता को बढ़ाया और खूब मस्ती की। मौके पर विद्यालय की प्राचार्य कंचन अग्रवाल ने कहा कि उमंग , ऊर्जा और खुशी का रंग पीला बहुत कुछ कहता है । कुछ रंग हमारे मन पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं । ऐसे में एक रंग पीला भी है । वसंत पंचमी के दिन हम पीला वस्त्र भी धारण करते हैं। उन्होंने कहा कि हम रंगों की जानकारी और रंगों की पहचान इस तरीके से कराते हैं कि उन्हें रंगो के नाम के साथ आसानी से पहचान सके।

